## समाचार

# आज 801 व्यक्तियों को राशन सामग्री, तो 5741 लोगों को बना हुआ भोजन

## (लाकडाउन के 35वें दिन भी आज जरूरतमंदों को किया गया भोजन व राशन सामग्री निःशुल्क वितरण)

कोरबा 28 अप्रैल 2020 –नोवल कोरोना वायरस से बचाव व नियंत्रण हेतु लागू किए गए लाकडाउन के 35वें दिन भी आज मंगलवार को भी निगम का अमला जरूरतमंद व्यक्तियों को राशन सामग्री उपलब्ध कराने एवं स्वयंसेवी संस्थाओ के सहयोग से बने हुए भोजन का वितरण कराने में संलग्न रहा, जिसके तहत आज 801 जरूरतमंद व्यक्तियों को निःशुल्क राशन सामग्री उनके घर पहुंचा कर दी गई, तो वहीं दूसरी ओर 5741 लोगों को बना हुआ भोजन कराया गया। इसके साथ ही शहर के दानदाताओं ने भी जरूरतमंदों की सहायता हेतु अपने हाथ बढ़ाए तथा राशन सामग्री निगम को उपलब्ध कराया। यहां उल्लेखनीय है कि प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद की अपील पर शहर के दानदाता निरंतर अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

नोवल कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ी जा रही इस लड़ाई में महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल एवं आयुक्त श्री राहुल देव के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम कोरबा अपने दायित्वों के निर्वहन में निरंतर जुटा हुआ है, एक ओर जहां लाकडाउन के दौरान कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे, हर जरूरतमंद को निःशुल्क राशन सामग्री मिले, इस दिशा में निगम के अधिकारी कर्मचारी अथक परिश्रम कर रहे हैं तो दूसरी ओर शहर सेनेटाईजेशन, साफ–सफाई की बेहतर व्यवस्था के साथ–साथ बाजारों में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराने जैसे महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर एक साथ कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज 5741 लोगों को बना हुआ भोजन उपलब्ध कराया गया, तो दूसरी ओर 801 व्यक्तियों को राशन सामग्री किट उनके घर पहुंचकर दी गई। बना हुआ भोजन उपलब्ध कराने में अग्रवाल समाज, रोटरी क्लब, लायंस क्लब, छत्तीसगढ़ हेल्प वेलफेयर सोसायटी, गायत्री प्रज्ञापीठ, एक्ट आफ ह्यूमिनिटी, जंगली फैमिली कोरबा, अनंत इमेजिन वेलफेयर सोसायटी कोरबा की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रही, इन संस्थाओं द्वारा निरंतर बना हुआ भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

**आज भी मिला दानदाताओं का सहयोग**– जरूरतमंदों को राशन सामग्री दिए जाने हेतु दानदाताओं द्वारा निगम को निरंतर सहयोग दिया जा रहा है। आज भी यह सहयोग निगम को प्राप्त हुआ। दानदाता श्री संजय अग्रवाल द्वारा 50 किलो आलू जरूरतमंदों की सहायता हेतु आज निगम को उपलब्ध कराया। राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल, महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त श्री राहुल देव ने दानदाता के इस सहयोग के लिए उनका धन्यवाद किया है।

**आज भी राशन किट बनाने में जुटे रहे निगम कर्मी**– प्रतिदिन की भांति आज भी निगम के कर्मचारी जरूरतमंदों को राशन सामग्री उपलब्ध कराने हेतु राशन के किट तैयार करने में जुटे रहे, निगम कार्यालय साकेत भवन में ही प्रतिदिन कर्मचारियों द्वारा राशन किट तैयार किए जाते हैं तथा उन्हें विभिन्न वाहनों के माध्यम से जोन कार्यालयों के लिए रवाना किया जाता है। इसी प्रकार निगम के सभी 08 जोन का मैदानी अमला भी जरूरतमंद लोगों के घर–घर पहुंचकर राशन सामग्री देने में पूरी सजगता के साथ तत्पर रहा।

**आज भी जारी रहा सेनेटाईजेशन कार्य** –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त श्री राहुल देव के मार्गदर्शन में नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव हेतु नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा निरंतर रूप से सेनेटाईजेशन का कार्य किया जा रहा है। आज भी सभी शासकीय कार्यालयों, जिला चिकित्सालय, कोरन्टाईन सेंटरों, एम्बुलेंस वाहन, पुलिस थाना चौकी, निजी अस्पताल व क्लीनिक, नियंत्रण कक्षों, रैनबसेरों, सब्जी बाजारों, एस.एल.आर.एम.सेंटरों, ई.एस.आई.सी. हास्पिटल सहित वार्ड क्र. 16, 42, 43, 44, 53, 64, 65 आदि में सेनेटाईजेशन का कार्य अभियान के रूप में कराया गया। इसके साथ ही नियमित रूप से किए जाने वाले साफ–सफाई कार्यो को विशेष सफाई अभियान के रूप में संचालित कराया गया तथा कचरे का तुरंत उठाव, कीटनाशक दवाओं का छिड़काव सहित अन्य स्वच्छता संबंधी कार्य किए गए।